## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में सुलभ कांप्लेक्स का हुआ उदघाटन



**भुआबिछिया।** नगर परिषद क्षेत्र के हृदय स्थल वेयर हाउस शॉपिंग कॉम्पलेक्स जनपद पंचायत भुआबिछिया के शॉपिंग कांप्लेक्स में सुलभ कंपलेक्स की आवश्यकता वर्षो से महसूस की जा रही थी जिसके निर्माण के बाद आज स्थानीय विधायक नारायण सिंह पट्टा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी जनपद पंचायत की अध्यक्ष सकुना उईके के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया, सुलभ कांप्लेक्स के बनने से यहां के व्यापारियों दुकानदारों को सुविधा होगी इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक राजनीतिक जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी दुकानदार व्यापारी उपस्थित थे।

### श्रीमती निशा सोनी का निधन



**नारायणगंज।** नारायणगंज के प्रतिष्ठ परिवार के परम सुख सोनी बिसन सोनी शिक्षक की धर्मपत्नी श्रीमती निशा सोनी का हृदय गति रुक जाने से सुबह 7:30 निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार नारायणगंज के शमशान घाट में 3:00 बजे किया गया।

## अंजनिया, अहमदपुर, मांद चौराहे में हो रही हैं लगातार दुर्घटनायें

# पुराने डीपीआर में था फ्लाई ओवर का प्रावधान?

*** अपनों की मौत से गुस्सायें हैं ग्रामीण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जबलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग अपने निर्माण के समय से ही न केवल विवादों में रहा है बल्कि बीतते समय के साथ-साथ यह राष्ट्रीय राजमार्ग इतना ज्यादा चर्चित हो गया कि लोकसभा चुनाव के दौरान केन्द्रीय मंत्री नितिन गडगरी को मण्डला आना पड़ा और इस निर्माण कार्य में जबलपुर से मण्डला के बीच जो सड़क निर्माण न केवल गुणवत्ताहीन हुआ बल्कि 10 वर्षो के लम्बे समय में पूर्ण भी नहीं हो पाया इसके लिये उन्होंने बड़प्पन दिखाते हुये जनता से माफी भी मांगी।

अब जबलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग फिर एक बार चर्चा में है और चर्चा इस बात की कि मण्डला से रायपुर की ओर अंजनिया के समीप जो अहमदपुर, मांद चौराहा है वहां लगातार दुर्घटनायें होती रही हैं शायद ही कोई महीना ऐसा बीता हो जब यहां कोई छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना न हुई हो इस क्षेत्र में जो दुर्घटनायें हुई उनमें लोगों की मौतें भी बड़ी संख्या में हुई है इंसानों के साथ-साथ मवेशियों की भी मौतें बड़ी संख्या में होने से लगातार क्षेत्र के लोग दुखी रहे हैं और अब यह दुख एवं पीड़ा आक्रोश में बदल चुकी है।

### दुर्घटना में ढाबा संचालक की मौत

पिछले दिनों फिर एक सड़क दुर्घटना इसी स्थान पर हुई जब एक लोहे की सरिया से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़ी पिकअप गाड़ी पर जा गिरा दुर्घटना में स्थानीय महिष्मती ढाबा के संचालक शीतल गुप्ता की दर्दनाक मौत हो गई इसके साथ-साथ पिकअप वाहन का चालक एवं ट्रक में बैठे एक बच्चे की भी असमय मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद से क्षेत्र के लोग काफी आक्रोशित हैं।

आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा और शीघ्र ही ऐसे प्रावधान करने को कहा जिससे इन दुर्घटनाओं को रोका जा सके ग्रामीणों ने इस स्थान पर फ्लाई ओवर निर्माण की भी मांग की जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### क्या पहले ही फ्लाई ओवर बनने का था प्रावधान

फ्लाई ओवर की मांग को लेकर जो मामला गर्माया तो इस बात की भी चर्चा जोरो से की जा रही है कि जब इस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण प्रारंभ हो रहा था तो पहले बने डीपीआर में इस स्थान पर फ्लाई ओवर निर्माण का प्रावधान रखा गया था चूंकि एक व्यक्ति की जमींन फ्लाई ओवर निर्माण से प्रभावित हो रही थी लिहाजा उसने अपनी पहुंच का इस्तेमाल किया और फर कुछ ही समय में पुराने डीपीआर के स्थान पर नया डीपीआर तैयार हुआ इस डीपीआर में फ्लाई ओवर का प्रावधान अलग कर दिया गया।

यदि चर्चा में इस डीपीआर और फ्लाई ओवर की बात सही है तो फिर जिसने भी डीपीआर बदलाया और फ्लाई ओवर का प्रावधान समाप्त कराया और जिन्होंने भी इस काम में सहयोग किया वे सभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन असमय हुई मौतों के दोषी हैं।

लोगों ने इस बात की भी पूर्णरूप से तहकीकात कराने की बात कही और पुराने एवंनये डीपीआर को सार्वजनिक किये जाने की बात भी कही ज्ञापन सौंपने वाले लोगों का कहना था कि जब तक गंभीरतापूर्वक कोई प्रावधान नहीं किये जाते फ्लाई ओवर निर्माण प्रारंभ नहीं किया जाता और सड़क निर्माण को लेकर सत्यता सामने नहीं आती तब तक वे विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे।







## कलेक्टर ने की कौशल उन्नयन एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा



*** जिला कौशल समिति की बैठक संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक बुधवार को स्थानीय गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न कौशल उन्नयन एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा युवाओं को स्थानीय उद्योगों एवं रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप जॉब-ओरिएंटेड ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं की प्लेसमेंट ट्रैकिंग नियमित रखने तथा उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए रोजगार मेले और कैंपस ड्राइव आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि 15 दिसंबर को आरडी कॉलेज मंडला में युवाओं के लिए कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही आगामी जनवरी माह के तीसरे मंगलवार अर्थात 20 जनवरी को वृहद युवा संगम मेले का भी आयोजन होगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि इस मेले में अधिक से अधिक युवा भाग लें और इस मेले का लाभ उठाएं। इस मेले की सभी आवश्यक तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कौशल उन्नयन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिकाधिक लोगों को इसकी जानकारी मिल सके।

बैठक में आईटीआई प्राचार्य मंडला श्रीमती मनीषा भूरिया द्वारा जिले में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति, प्रशिक्षणरत एवं प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं की संख्या, प्लेसमेंट स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना का विवरण प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि कौशल उन्नयन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। सभी विभाग पारस्परिक समन्वय से लक्ष्य आधारित कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, जिला रोजगार अधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### नगरपालिका एवं पंचायतों के उप निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**मण्डला।** नगरपालिका एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कानून एवं व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, ईव्हीएम प्रबंधन के लिए वित्त अधिकारी श्री आरके बांगड़े, कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण के लिए सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता, कार्मिकों की नियुक्ति के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्रीमती मधु मिश्रा को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार मतपत्रों का प्रबंधन, व्यय लेखा के लिए जिला कोषालय अधिकारी श्री अखिलेश नेटी, आईटी प्रबंधन, कम्प्यूटर उपकरण की व्यवस्था के लिए प्रभारी ई गवर्नेंस श्री शैलेष यादव, निर्वाचन संबंधी संपूर्ण व्यवस्था के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानन नाफड़े, मतगणना स्थल, स्ट्राँग रूम के लिए कार्यपालन यंत्री श्री जीआर भलावी, प्रेक्षक व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री श्री पीके कुस्मारे, पीओएल व्यवस्था के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री एसआर भलावी को नियुक्त किया गया है।

### चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** फुलझर निवासी ग्राम देवरी तहसील नारायणगंज की 5 अगस्त 2025 को बलाई नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पुत्र देवसिंह के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

## नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय संबंधित क्रियाकलाप के तहत संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय मण्डला के तत्वाधान में राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 126 रोगियों क्रमशः 93 महिला एवं 33 पुरुषों ने लाभ प्राप्त किया। शिविर में आए हुए सभी रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा जाँच व परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। साथ ही आयुर्वेदीय आहार-विहार व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की भी सलाह दी गई। शिविर में डॉ. प्रियंका धुर्वे, श्रीमती पार्वती नायकर, श्रीमती निशा तिवारी, अशोक बैरागी एवं श्रीमती ललिता नंदा सहित चिकित्सालय स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की एवं वार्ड पार्षद नरेश सिन्धिया उपस्थित रहे।

### डिप्टी कलेक्टर ने दिलाई 'अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस' की शपथ



**मण्डला।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार सभी के लिए समान हैं और इनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के माध्यम से सभी ने मानवाधिकारों के संवर्धन, सम्मान एवं संरक्षण के लिए संकल्प लिया।

## नवनिर्वाचित जिला सचिव का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजनानुसार जिला के नव निर्वाचित जिला सचिव किशोरी लाल साहू का सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में मंगलवार को प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर विद्या भारती महाकौशल प्रांत के प्रांत अंकेक्षण प्रमुख रामबहोरी पटेल मण्डला विभाग समन्वयक मनोजपुरी गोस्वामी, जगमण्डल बाल कल्याण समिति व्यवस्थापक रिखीराम परस्ते सह व्यवस्थापक अरुण मिश्रा की उपस्थिति परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया एवं भैया बहिनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात विद्यालय द्वारा नवनिर्वाचित जिला सचिव का शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। प्रांत अंकेक्षण प्रमुख श्री पटेल के द्वारा बताया गया कि लगभग 35 वर्षों से जिला सचिव किशोरी लाल साहू विद्या भारती से जुड़े हुए है जगमण्डल बाल कल्याण समिति बिछिया में व्यवस्थापक अध्यक्ष कोषाध्यक्ष जिला सहसचिव आदि महत्वपूर्ण पदों में रहकर निरंन्तर विद्यालय को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभाग समन्वयक के द्वारा नवीन प्रवेश मेधावी छात्र एवं बोर्ड कक्षाओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आदि विषयों को रखते हुए जिला सचिव को शुभकामनाएं दी गई विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्य परिवार के द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। बता दें कि किशोरी लाल साहू पूर्व में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जिला संगठन मंत्री विभाग संगठन मंत्री और लंबे समय तक प्रांत सह सचिव के दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया है।

**आयोजन** | **एडीआर सेन्टर जिला न्यायालय मण्डला में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन।**

# अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर हुई संगोष्ठी

*** मानव अधिकार की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एडीआर सेंटर जिला न्यायालय मंडला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला श्रीमान् कमल जोशी के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मानव अधिकार विषय पर विधिक जागरुकता शिविर, न्यायालय परिसर में मानव अधिकारों के संरक्षण की प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष न्यायाधीश आरके रावतकर, प्रथम के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश रमेश रंजन चौबे, प्रथम जिला न्यायाधीश सुबोध कुमार विश्वकर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश तेजप्रताप सिंह, तृतीय जिला न्यायाधीश हेमराज सनोडिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका ठाकुर, उपभोक्ता फोरम के सदस्य डॉ. प्रसन्न दुबे, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन मण्डला के संरक्षक नीलू महाराज एवं अन्य सदस्यगण एवं मानव अधिकार पर जिला स्तर पर कार्य रही महिलाएं, अधिवक्तागण, मां रेवती लॉ कॉलेज मण्डला के शिक्षक व विद्यार्थीगण, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स, आमजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमल जोशी ने बताया कि मानव अधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जो कि मनुष्य होने के कारण हमें प्राप्त है चाहे व्यक्ति किसी भी देश धर्म, भाषा, जाति या रंग का हो इन अधिकारों पर उनका समान हक है इनमें जीवन, अभिव्यक्ति, शिक्षा, समानता और प्रतिष्ठा के साथ जीने के अधिकार शामिल है। मानव अधिकार दिवस की इस वर्ष की थीम ''मानव अधिकार हमारे दैनिक आवश्यक अधिकार'' के उद्देश्य को समझाते हुए बताया कि मानव अधिकार कोई दूर की बड़ी या तकनीकी अवधारणा नहीं है बल्कि वे अधिकार है जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को सुरक्षित सम्मानजनक व अर्थपूर्ण बनाते हैं। यह थीम हमें यह महसूस कराती है कि यह अधिकार हर दिन हर पल हमारे साथ जुड़े है यह थीम हमें दो महत्वपूर्ण बाते सिखाती है पहली मानव अधिकार सिर्फ न्यायालयों की बात नहीं-जीवन की बात है, हम क्या खाएं कहां काम करे कैसे बोलें, कैसे जिये, हर पहलू मानव अधिकार से जुड़ा है। दूसरा-मानव अधिकार की रक्षा सरकार ही नहीं हम सबकी जिम्मेदारी है हमारी संवेदनशीलता, हमारा व्यवहार, हमारा सम्मान, ये सभी किसी के मानव अधिकार को सुरक्षित या प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही अंतिम संदेश देते हुए कहा कि मानव अधिकार तभी सुरक्षित है जब वे हर व्यक्ति की रोजमर्रा की जिंदगी में दिखाई दे नियमों में नहीं व्यवहार में।

# मात्र तीन साल के भीतर ही उड़ गये सड़क के परखच्चे, निर्माण की गुणवत्ता पर खड़े हो रहे सवाल..?

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा गांव गांव पक्की सड़को कि निर्माण को लेकर हर वर्ष इस सोच के चलते करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है कि गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण होने से जहां ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी तो दूसरी ओर ग्रामीण बेरोजगार युवा शहर से जुडने के कारण रोजगार स्थापित कर लेगे। मगर इस सोच को निश्चित तौर से सरकारी धन की होली खेलने वाले अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किस तरह ग्रहण लगाया जाता है कि लाखों रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क जहां चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर गांवों में जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये सड़को का निर्माण कार्य किया जाता है उसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये पास किये जाने का परिणाम है कि सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि की खुलेआम होली खेलते हुये दिखाई देने से नही चूक पाती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम भौरझिर से ग्राम घघरौला पटना तक बनी हुई डामरीकृत सड़क को देखते हुये जान पड़ रह है। बताया जाता है कि जिस तरह निर्माण के तीन साल के अंदर ही सड़क के परखच्चे उड़ते हुये देखे जा रहे है उसके चलते



गुणवत्ता पर सबाल खड़े होने के साथ जिम्मेदारों की चुप्पी चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले ही हुआ था। मगर अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत सड़क टूट जाने की सच्चाई को बीते हुये तीन वर्ष पहले हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद इस सड़क के मजबूती करण के नाम पर राशि स्वीकृत होने के बाद पुनः इस सड़क का निर्माण बीते हुये वर्ष हुआ है। खैर मौके पर लगा हुआ वोर्ड इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर कुछ और ही बता रहा है? मगर ग्रामीणों ने



चर्चा करते हुये बताया है कि लगभग दो तीन साल पहले ग्राम भौरझिर से घघरौला तक डमरीकृत सड़क का निर्माण किया गया है। इस तरह इस सड़क के निर्माण को अभी मुश्किल से दो साल का समय ही बीत पाया है और जिस प्रकार से इस सड़क में जहां तहां गड्डे निकलना शुरू हो गया था और अब सड़क पर गड्डे ही गड्डे नही आने से नही चूक रहे है जिसके चलते यह गड्डे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..? वही दूसरी ओर इस समय देखा जा रहा है कि मात्र अपना दूसरा जन्म दिन मनाने वाले इस सड़क पर निकल रहे गड्डो की सच्चाई को छिपाने के लिये सड़क पर थेगरा लगाना जरूर शुरू कर दिया गया है। अब देखना है कि यह थिगराऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक साथ देने में सफल हो पाती है..? इस तरह सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये जिस तरह इस सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसका परिणाम है कि सड़क चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया है। मगर इस में हैरत की बात है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये सरकार द्वारा जिस तरह ग्रामीणों को पक्की सड़को की सौगात प्रदान करने का जो सपना संजोया गया है उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद माह उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की निष्ठावान अध्किारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इस तरह होने वाले गफलतबाजी की गंगा में सोंझाआई का गोता लगा रहे होगे तो फिर ईमानदारी से जांच की उम्मीद कैसी की जा सकती है? यह बात अलग है कि किसी भी सरकारी कार्य को पूरा निजी कंपनी द्वारा ठेके पर लेकर किया जाता है और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की सोच रहती है कि जिस निर्माण कार्य का उसने ठेका लिया गया है उसमें उसे अधिक से अधिक लाभ होना चाहिये। मगर इस सब पर निगरानी रखने के लिये प्रशासनिक अधिकारी होते है उन्हीं की देखरेख में सरकारी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाते है। नियम के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य को जब तक संबंधित विभाग का जिम्मेदार अधिकारी अपनी ओर से निर्माण संबंधी संतुष्टि प्रमाण पत्र नही देता है तब तक उस निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान नही होता है। मगर गफलतबाजी की गंगा में जब संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर गोता लगा रहे होते है तो फिर किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की उम्मीद करना कहा तक सफल हो सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम भौरझिर से घघरौला पटना के बीच लगभग दो साल पहले बनी हुई डामरीकृत सड़क की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कलेक्टर से निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग उठाई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण के चंद माह बाद टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की जांच होती है तो निश्चित तौर से अनेक जिम्मेदार अधिकारी बेनकाब होने से नही बच पायेगे?

## खबर संक्षेप

### सूने घर में सेंध लगाते हुये चोरों ने पार किये सोने चांदी के जेवर सहित नगदी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले की पुलिस द्वारा रात्री कालीन संघन गस्त के साथ नगर को चारो ओर से गुप्त केमरों से सजा दिया गया है। मगर जिस तरह चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित ही चिन्ता जनक सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों उस समय देखने मिली जब परिवार के लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिये गये हुये थें और अज्ञात चोरों द्वारा दिन दहाड़े घर का ताला तोड़ते हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी पार कर लिये गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे चाचा के लड़के शक्ति सिंह की शादी में शामिल होने के लिये परिवार के सभी लोग विठ्ठल भवन गये हुये। जब हम लोग शाम चार बजे घर पहुंचे तो देखा की घर के दरबाजे का ताला टूटा हुआ था और संपूर्ण समान बिखरा पड़ा हुआ था। वही घर के अंदर कमरे में रखी हुई गोदरेज की आलमारी का ताला भी टूटा होने के साथ उसके अंदर रखे हुये सोने के दो जोडी कान टाप्स, सोने के दो जोडी कान की बाली, सोने के दो मंगलसूत्र, सोने के एक गुरिया मोती बाली माला, सोने की एक बेंदी सहित चांदी की तीन जोडी पायल तथा नगदी 90 हजार रूपपया अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिये गये। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### झलकन करहैया का निधन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम घघरौला कला सरपंच प्रदीप कौरव के पिताश्री झलकन सिंह पंडा कौरव (करहैया) का बीते हुये दिवस लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। ज्ञात हो कि वह प्रदीप कौरव व दीपक कौरव के पिताश्री तथा जितेन्द्र कौरव के चाचा थे। स्व.झलकन सिंह कौरव की की शव यात्रा में आस पास के अनेक गांवों सहित सामाजिक बंधुओं ने शामिल होकर अपने श्रद्वा सुमन अर्पित किये।

## रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों की सामग्री चोरी होना बन चुकी आम बात, रेल पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इटारसी से लेकर जबलपुर के बीच रेल खंड पर पड़ने वाली गाडरवारा रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण मानी जाती है। मगर इस रेल्वे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे दिखाई देने से नही चूक पा रही है। क्योंकि जहां दिन रात आवारा तत्वों का जमावड़ा लगा हुआ देखा जाता है। वही दूसरी ओर रेल यात्रियों की सामग्री चोरी होने की घटनाये मानो आम बात होती चली जा रही है। कहने के लिये तो रेल्वे स्टेशन के प्लेट फार्म से चंद कदम दूरी पर रेल पुलिस थाना स्थापित है। मगर इसके बाद भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वालों के हौसले निश्चित तौर से रेल पुलिस की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब नगर के रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म नंबर एक पर एक महिला यात्री का ट्रेन पर चढ़ने के दौरान अज्ञात चोरों ने जेबर व नगदी रूपयों से भरा हुआ पर्स ही पार कर डाला। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर के कामर्थ वार्ड निवासी शबनम कुरैशी पति राशिद कुरैशी बीते हुये 9 दिसम्बर की सुबह सुबह ट्रेन क्रमांक 22187 डाउन रानी कमलापति जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में पीछे तरफ के जनरल कोच में बैठकर अपने पति राशिद कुरैशी के साथ रेलवे स्टेशन गाडरवारा से जबलपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान छोटा पर्स पीले कलर का जिसके अन्दर एक बड़ा मंगल सूत्र, बड़े कान के झुमके और नगद 4800 रूपया



इस प्रकार कुल कीमती 44800 हजार रूपया की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। घटना को लेकर प्रार्थिया द्वारा रेल पुलिस थाने में शिकायत किये जाने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह नगर के रेल्वे स्टेशन में आये दिन रेल यात्रियों के साथ घटित होने वाली घटनाओं के चलते जहां रेल यात्रियों के बीच दहशत का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा रेल पुलिस की गस्त व्यवस्था पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है।

## धान खरीदी केंद्र बढ़ाएं जाने की मांग करते हुये भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

### भारतीय किसान संघ तहसील साईखेडा ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्य मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सदा ही किसानों के हितों को लेकर लड़ाई लड़ने के लिये आगे रहने वाले भारतीय किसान संघ तहसील साईखेडा ने किसानों की समस्याओं को लेकर नगर के तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के मुख्य मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा मांग की गई की उनकी समस्याओं का अतिशीर्घ निदान किया जावे। सौपे गये ज्ञापन में किसान संघ द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर उल्लेख किया गया है कि धान खरीदी केंद्र कम बनाए गए हैं जिससे किसानो को परेशानी हो रही साईं खेड़ा क्षेत्र में खरीदी केंद्र बढ़ाएं जाएं। वर्तमान में खरीदी केंद्र पर स्लाट बुक करने पर मात्रा कम आती है जैसे किसान को अपनी उपज 20 क्विंटल बेचना है तो उसमें मात्रा सिर्फ 12 ही खाली दिखाई देता है। वही दूसरी ओर सिंचाई के लिये किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराई जावे। यदि सिंचाई के लिये बिजली प्रदान करने के दौरान किसी कारणों के चलते बिजली बंद होती है तो उस समय की पूर्ति हेतु अतिरिक्त बिजली प्रदान की जावे। इस समय किसानों को अपने खेतों में बोनी करने या फिर जिन किसानों की बोनी हो चुकी है उन्हें यूरिया खाद के लिये परेशान होते हुये देखा जा रहा है। किसानों को जरूरत के हिसाब से खाद उपलब्ध कराई जावे। वही दूसरी ओर जिला कलेक्टर द्वारा बैठक के दौरान सांईखेड़ा क्षेत्र के किसानों को जले हुये ट्रांसफार्मर बदलने की सुविधा साईखेडा में ही उपलब्ध कराये जाने का



भरोसा दिया गया था जिसके चलते किसानों को गाडरवारा तक परेशान नही होना पड़ेगा। मगर देखा जा रहा है कि आज भी किसानों को जले हुये ट्रांसफार्मर लेने के लिये गाडरवारा जाना पड़ता है। इस समस्या का निदान किया जावे। वही जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये कब्जा किया गया है उसे मुक्त कराने के साथ सांईखेड़ा की कृषि उपज उप मंडी में खरीदी कार्य शुरू किया जावे। इस तरह भारतीय किसान संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी नितिन तिवारी, संभागीय सदस्य तेजसिंह तोमर संभागीय सदस्य विजय मालपानी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, तहसील उपाध्यक्ष भोपाल सिंह पटेल, नीलेश तोमर, साहब सिंह लोधी सहित अन्य किसान मौजूद थें।

## चिरहकलां में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लगाए कदम के पौधे



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने के साथ साथ लोगों को जागरूक करने के उद्वेश्य से बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम चिरह कलाँ की शासकीय माध्यमिक शाला में शाला स्टाफ सहित स्कूली बच्चों ने कदम के 7 पौधो का रोपण किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक डी एस धानक ने कहा कि विद्यालय परिसर में लगाए गये पौधो से भविष्य में छाया मिलेगी। सभी शिक्षक एवं बच्चे पौधो को प्रतिदिन पानी भी जिससे कि वे सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जीवन लाल मलईया, रूपी जैन, सचिन लहरिया, राहुल कोरी, दीप्ति जाटव, ममता चौहान, दयावती गुप्ता, आरती मेहरा, ऊषा रावत सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## सीतारेवा नदी के पास पाई गई संदिग्ध स्थिति में पाई गुमशुदा की लाश

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** क्षेत्र में बीते हुये दिनों सनसनी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया था जब लोगों द्वारा चीचली के समीपस्थ सीतारेवा पुल के पास एक युवक का संदिग्ध स्थिति में शव देखा गया था। वही मामले को लेकर गनेश कीर पिता स्व.ललता प्रसाद कीर उम्र 32 वर्ष नि.उकरी थाना डोंगरगांव ने अपने साथी उधमसिंह कीर के साथ चीचली थाना पहुंचकर जानकारी दी गई कि बीते हुये 12 नंबवर 2025 को मेरा छोटा भाई हेमंत कीर गुम गया था जिसकी रिपोर्ट चीचली थाने में गुम होने की मेरे द्वारा लिखाई गयी थी। मेरे भाई हेमंत कीर की लाश ग्राम गांगई सीतारेवा नदी के पुल चीचली तरफ की पहली पुलिया के पास पानी के अंदर दिखाई दे रही है जो पानी में गल चुकी है तथा सिर के पीछे चोट दिखाई दे रही है। इस तरह गुम इंसान की लाश की सूचना को लेकर पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुये मौके पर पहुंचकर देखा तो मृतक की पहचान हेमंत पिता ललता प्रसाद कीर उम्र 30 निवासी ऊकरी थाना डोगरगांव के रूप में होने के बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनाम बनाते हुये शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया। वही मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग जांच के दौरान पुलिस द्वारा घटना स्थल, नजरी नक्शा, शव पचंनामा कार्यवाही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा मृतक के परिजनों में गनेश कीर, राधे श्याम कीर तथा अन्य तथा विडीयो फुटेज को देखने से से पाया कि घटना में वाहन सी.डी. डीलक्स **MP**49**MP**-4237 के चालक दीपेश उर्फ छोटू कीर के द्वारा शराब के नशे में मोटर साईकल में हेमंत कीर को बैठाकर मोटर साईकल को उपरोक्त को तेज गति लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढ़ग से चलाकर गांगई पुल पर गिर गये ओर मोटर साईकिल पुल के ऊपर रह गयी एवं वाहन चालक दीपेश उर्फ छोटू कीर व हेमंत कीर दोनों सीतारेवा नदी में पानी में गिर गये थे। वहीं दीपेश कीर को पानी में गिरने से साधारण चोट आयी एवं वह पानी से बाहर आ गया तथा हेमंत कीर की पानी में डुबने से मृत्यु हो गयी। इस बात की पुष्टि पोस्टमार्ट रिपोर्ट में होने के चलते पुलिस द्वारा सम्पूर्ण मर्ग जांच से सीडी डीलक्स वाहन क्रमांक **MP**49**MP**-4237 के चालक दीपेश उर्फ छोटू कीर पिता सत्तू उर्फ सत्यनारायण कीर उम्र 22 साल निवासी कुड़ारी थाना डोगरगांव के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही दूसरी ओर पुलिस के लिये चुनौती पूर्ण दिखाई दे रहे इस मामले की गुत्थी भी सुलझाने में सफलता हासिल कर ली गई है।

## दादा धूनी नगरी में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** दादा धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा में बीते हुये दिवस विकास खंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी साईखेड़ा संदीप स्थापक ने सभी प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत शालाओं में जारी कक्षा पहली से कक्षा आठवीं की अर्ध वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश देने के साथ साथ समय सारणी के अनुरूप परीक्षा संचालित हो इस हेतु समस्त बीएसी एवं सीएसी स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान कहा कि शिक्षकगण अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच भी करें। इसी प्रकार से बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने बैठक में बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करने , एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, जिज्ञासु किट उपयोगिता, निर्माण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बताया जाता है कि बैठक में विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति, अध्यापन में टीएलएम के उपयोग, ड्रॉपबॉक्स, प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर शिक्षक, स्टूडेंट, शाला प्रोफाइल कार्य संबंधी चर्चा भी की गई। बैठक मे जनशिक्षक दीपक स्थापक, बनवारी लाल नागवंशी, मो अपसार खान, प्रमोद पठारिया, सुरेन्द्र राजपूत, आजाद कौरव, नेपाल झारिया, प्रदीप मालवीय, अवधेश पटैल, पंकज पाठक, एमआईएस वेदप्रकाश राजपूत, दीपक आरसे, राजा कहार के आलवा अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## हरिभूमि के दीपक ने अपनी मानवता दिखाते हुये किसी के दीपक बुझने से बचाया



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** निश्चित ही जब कही कोई सड़क दुर्घटना की स्थिति देखने मिलती है तो लोगों की भीड़ एकत्र होने से नही चूकती है। इस दौरान अधिकांश लोगों के हाथों में मोबाईल नजर आने से नही चूकती है। मगर वह मोबाईल फोन घायल की मदद की जगह उसकी विडियों बनाते हुये नजर आने से नही चूक पाते है। यदि लोग उन मोबाईलों के माध्यम से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिये उपयोग हो रहे हो तो निश्चित किसी के घर के दीपक का बुझने से बचाया जा सकता है। मगर घटित हुई एक सड़क दुर्घअना ने सांईखेड़ा निवासी हरिभूमि के युवा पत्रकार दीपक अग्रवाल द्वारा जिस तरह मानवीयता का परिचय देते हुये सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिकित्सालय पहुंचाते हुये मानवीयता का परिचय देने के साथ किसी के घर के दीपक का बुझने से बचाया गया है वह मानवीय मूल्यों और सामाजिक दायित्व की मिसाल पेश करने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये मंगलवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक अज्ञात व्यक्ति को उन्होंने तत्काल सहायता प्रदान कर अस्पताल पहुँचाया, जिसके कारण घायल का उपचार समय पर शुरू हो सका। जानकारी के अनुसार, साईंखेड़ा के समीप मार्ग पर एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हो गया और गंभीर अवस्था में पड़ा था। इसी दौरान नगर के युवा पत्रकार दीपक अग्रवाल वहाँ से गुजर रहे थे। घायल व्यक्ति को देख उन्होंने बिना समय बर्बाद किये हुये तत्काल 112 आपातकालीन सेवा को सूचित किया। और अग्रवाल ने 112 की टीम के पहुँचते ही घायल व्यक्ति को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साईंखेड़ा पहुँचाने में मदद की। उनकी इस तत्परता के कारण घायल व्यक्ति को जल्द से जल्द चिकित्सा सुविधा मिलनी शुरू हो गई, जो ऐसे मामलों में जीवन-रक्षक साबित होने से नही चूक पाया और किसी का दीपक, पत्रकारिता के क्षेत्र से जुडे हुये दीपक की तत्परता के चलते बुझने से बच गया। ज्ञात हो कि दीपक अग्रवाल न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में ही नही बल्कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से योगदान आ रहे है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए व्यक्तियों की मदद के लिए वे हमेशा आगे रहते हैं और उनके उपचार में सहायता करते हुये देखे जाते है। इसके आलवा गर्मी के मौसम में दीपक अग्रवाल को आये दिन सड़को पर घूमने वाले प्यासे मवेशियों को खोज खोजकर पानी पिलाना मानो उनकी आदत में ही सुमार हो चुका है।



### एनटीपीसी में फ्लाई ऐश परिवहन में लगे डंपरों पर की गई कार्रवाई

## तीस डंपरों की जांच में दस पर ठोका जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह एनटीपीसी से प्लाई ऐश परिवहन करने वाले ओवर डम्फरों की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है उसका परिणाम है कि आये दिन क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है। इस तरह लगातार मिल रही शिकायतों के उपरांत जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया के नेतृत्व में बीते हुये दिवस उनकी टीम द्वारा गाडरवारा एनटीपीसी में फ्लाईऐश परिवहन में लगे डम्परों पर कार्रवाई की गई। टीम ने लगभग 30 डम्पर वाहनों की जांच की गई। बताया जाता है कि जांच करने के लिये पहुंची हुई टीम द्वारा जांच के दौरान 10 वाहनों पर असुरक्षित परिवहन बिना फिटनेस, बिना परमिट एवं अन्य उल्लंघनों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान वाहन क्रमांक यूपी 93 सीटी 1590 बिना परमिट पाए जाने पर 70 हजार रुपये का शमन शुल्क और यूपी 83 सीटी 7326 पर 75 हजार





रुपये का जुर्माना बसूला गया। इसी प्रकार कुल 10 वाहनों, जिनमें आरजे 19 जेई 2989, आरजे 19 जेई 5383, एमपी 07 एचबी 8957, आरजे 21 सीएफ 4333, यूपी 93 सीटी 1590, यूपी 83 सीटी 7326, आरजे 32 जेए 9416, आरजे 11 जीडी 3752, आरजे 21 जेडी 5253 और एमपी 07 एचबी 5468 से कुल 2 लाख 77 हजार रुपये का जुर्माना बसूला गया। इस प्रकार से अधिकारियों द्वारा परिवहन करने वाले डम्फरों की जांच करते हुये कार्यवाही तो की गई है। मगर गाडरवारा क्षेत्र में इस समय सबसे बड़ी समस्या यह बनी हुई है कि जिस तरह से यह डम्फर सड़क किनारे काफी समय तक खड़े रहते है वह परेशानी का कारण बन रहे है। इस सच्चाई की अनेदेखी चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है। क्योंकि गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर देखा जावे तो काबरा पेट्रोल पंप सहित सोया प्लांट के समीप, शांति दूत तिरहा के पास से मानों मुख्य मार्ग के किनारे इन डम्फरों ने पूर्णरूप से अपना कब्जा ही जमा लिया गया है। जबकि यह मार्ग राष्ट्रीय स्तर का होने के चलते जहां इस मार्ग से लम्बी दूरी के वाहन निकलते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर आसपास के गांवों से गाडरवारा पढ़ाई करने के लिये छात्र छात्राओं का आना जाता भी होता है। मगर सड़क किनारे खड़े रहने वाले इन डम्फरों के चलते उनकी जिन्दगी खतरे से खाली नही पच पा रही है।

# पुलिया टूटने से सिधौली के बैगान टोला का आवागमन ठप, ग्रामीणों ने की नए निर्माण की मांग

अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम पंचायत सिधौली स्थित बैगान टोला के ग्रामीण बीते दो वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्मित यह पुलिया अब जर्जर होकर टूटने की कगार पर है, जिससे मोहल्ले के सैकड़ों परिवारों का आवागमन बाधित हो चुका है।



ग्रामीणों के अनुसार बैगा जनजाति के कई परिवारों को जनमन आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए आवास स्वीकृत हुए हैं, लेकिन निर्माण सामग्री—रेत, गिट्टी, सीमेंट और लोहा—क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण उनके घरों तक नहीं पहुंच पा रही है, जिससे लाभार्थी काफी परेशान हैं। स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। अचानक किसी की तबीयत बिगड़ने पर या गर्भवती महिलाओं को प्रसव हेतु स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए जननी एक्सप्रेस मोहल्ले तक नहीं पहुंच पाती। मजबूरी में मरीजों को डोली के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है, जिससे कीमती समय नष्ट होता है और जोखिम बढ़ जाता है।

## अनेक आश्वासनों के बाद भी नहीं मिला स्वीकृति का इंतज़ार

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों का दौरा हुआ, जिसमें जर्जर पुलिया की स्थिति से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने नया पुलिया निर्माण कराने का आश्वासन तो दिया, लेकिन अब तक स्वीकृति न मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यह पुलिया किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए तत्काल निर्माण आवश्यक है।ग्राम पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह नाला बरसाती मौसम में अत्यधिक प्रवाह वाला होता है और पुराने पुलिया की हालत बेहद खराब है। पंचायत ने नया पुलिया स्वीकृत कराने के लिए संबंधित विभागों में कई बार प्रस्ताव भेजे हैं। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।ग्रामीणों ने शासन–प्रशासन से पुनः मांग की है कि पुलिया निर्माण की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# शहपुरा में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला, बिना लाइसेंस के दवाइयों की बिक्री

शहपुरा

शहपुरा नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क तेजी से फैलता जा रहा है। बिना किसी चिकित्सा डिग्री और बिना दवा बेचने के लाइसेंस के ये स्वघोषित डॉक्टर हर महीने लाखों की दवाइयाँ मरीजों को बेच रहे हैं। बड़े-बड़े रोगों का इलाज करने के दावे करने वाले ये झोलाछाप डॉक्टर न तो दवा की गुणवत्ता देखते हैं न ही मरीज की सेहत की परवाह — सिर्फ मोटी कमाई पर इनकी नजर है।स्थानीय लोगों के अनुसार, ये डॉक्टर बाहर से बिना बैच नंबर वाली दवाइयां मंगवाकर मरीजों को मनमाना शुल्क लेकर थमा रहे हैं। कई मरीज इन दवाओं से राहत मिलने की बजाय और ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन किसी को शिकायत करने की हिम्मत नहीं, क्योंकि प्रशासन पहले की तरह मौन है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पूरा मामला प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद अभी तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।जब बीएमओ से इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने बताया ऐसे झोलाछापों के विरुद्ध समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है। आपने जो मामला बताया है, उस पर तुरंत संज्ञान लेकर टीम बनाकर सभी पर कड़ी कार्रवाई की



जाएगी।लेकिन जमीनी हालात बताते हैं कि कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है।

**मानिकपुर में मेडिकल की आड़ में चल रहा अवैध क्लिनिक-** शहपुरा विकासखंड के ग्राम मानिकपुर में भी इसी तरह मेडिकल दुकान के अंदर अवैध क्लिनिक संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मामले को जानकर भी अनजान बने बैठे हैं।अवैध क्लिनिक चलाने वालों पर न तो कोई दबाव है और न किसी कार्रवाई का डर। बताया जा रहा है कि यहां भी बिना पंजीयन, बिना योग्यता और बिना दवा लाइसेंस के इलाज किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन सख्ती नहीं दिखाता तो किसी भी दिन गंभीर हादसा हो सकता है।

# पेडल टू प्लांट टीम डिंडोरी पहुँची, फिट इंडिया व हरित मिशन को मिल रहा जनसमर्थन

डिंडौरी ।

राष्ट्रनिर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित राइड फायर सरदार वल्लभ भाई पटेल थीम के साथ देशभर में जागरूकता फैलाने वाली पेडल टू प्लांट टीम अपने राष्ट्रीय साइक्लिंग अभियान के दौरान डिंडोरी पहुँची। यह यात्रा 31 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश से प्रारंभ की गई थी और हरित जीवनशैली व फिट इंडिया मिशन को बढ़ावा दे रही है। टीम के द्वारा खेल मैदान के किनारे पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये गए। टीम का नेतृत्व एवरेस्टर निशा एवं कोच निलेश बारोट कर रहे हैं। उनके साथ अभियान में टीम के प्रमुख सदस्य निक्सा बारोट और अंजना यादव भोपाल भी सक्रिय भूमिका निभा रहे



हैं, जो फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।डिंडोरी पहुँचने पर टीम ने युवाओं, स्कूली छात्रों तथा नागरिकों से संवाद कर फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, तथा प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। टीम ने बताया कि "पेडल टू प्लांट" अभियान का उद्देश्य देश को फिट बनाना, प्रकृति को सुरक्षित रखना और भारत को अधिक हरा-भरा बनाना है। यह राष्ट्रीय यात्रा हरित जीवनशैली, जलवायु परिवर्तन जागरूकता और फिट इंडिया को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है।टीम के साथ खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मो. अहमद खान, चेतराम अहिरवार, आरती सोंधिया, सुनीता परस्ते, संतोषी यादव, लक्ष्मी बनावल, रोशन झारिया, राजकुमार उपस्थित रहे।

# एसडीएम बजाग ने आंगनबाड़ी, विद्यालयों एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

डिंडौरी ।

बजाग एसडीएम एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बजाग रामबाबू देवांगन द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत पड़रिया डोंगरी में दो आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राप्त शिकायतों की जांच जिला स्तरीय टीम, समिति सदस्यों, सरपंच-सचिव तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में की गई। साथ ही स्ट्रीट लाइट एवं सीसी सड़क निर्माण कार्यों की जांच की गई। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत बिलाईखार तथा ग्राम पथरिया में संचालित प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण किया गया। विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण कार्यक्रम मेन्यू के अनुसार न पाए जाने पर संबंधित स्व-सहायता समूह को नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए निरीक्षण के





दौरान शासकीय महाविद्यालय की दो छात्राएं ''गांव की बेटी'' योजना के तहत आवेदन लेकर उपस्थित हुईं। एसडीएम श्री देवांगन द्वारा विद्यार्थियों के आवेदन परीक्षण उपरांत तत्काल योजना का लाभ स्वीकृत किया गया। जनपद क्षेत्र में शैक्षणिक, आंगनवाड़ी एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रशासनिक निरीक्षण सतत रूप से जारी है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

डिंडौरी ।

कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस), मध्यप्रदेश सड़क प्राधिकरण, जल संसाधन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, नर्मदा घाटी प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पीआईयू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता एवं समय-सीमा पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण कराए जाएं तथा कार्य में अनावश्यक विलंब या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियां परस्पर समन्वय सुनिश्चित कर कार्यों में प्रगति लाई जा सके।खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्यों में ठेकेदार द्वारा जमा की गई रॉयल्टी समय पर खनिज विभाग को भेजी जाए ताकि शासकीय राजस्व समय पर जमा की जा सके।। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी अन्य जिले की रॉयल्टी का उपयोग जिले में मान्य नहीं किया जाएगा। अतः रॉयल्टी पर्ची में तिथि, स्थान तथा



कार्य संबंधी विवरण का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने सड़क, भवन, आंगनवाड़ी, आवास, मनरेगा, वृहद एवं लघु परियोजनाएं, सीएम राइज सांदीपनि, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, प्रधानमंत्री जनमन आवास, नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तायुक्त हों। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य सड़क प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि सड़कों के किनारे रेडियम लगाएं ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके तथा सुरक्षा मानकों एवं निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी , कार्यपालन यंत्री आरईएस ललित कुमार, राष्ट्रीय सडक प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यालय में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी** । भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर के सभी स्कूलों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एकीकृत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजाग, सेक्टर बजाग में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में लगभग 150 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य,



शिक्षकगण, सेक्टर पर्यवेक्षक हेमा उइके (बजाग), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बजाग माल बजाग रैयत, तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। सभी छात्राओं, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनों ने "बाल विवाह नहीं करेंगे, न होने देंगे" की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें बाल विवाह उन्मूलन के समर्थन में सभी ने हस्ताक्षर किए।इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों तथा समुदाय में यह संदेश पहुँचाना है कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और समाज की प्रगति में बड़ी बाधा है। बाल विवाह किए जाने से बालिकाओं को शारीरिक दुर्बलता ,शिक्षा का अभाव, हिंसा व दुर्व्यवहार समयपूर्व गर्भावस्था, मातृ मृत्यु दर में वृद्ध मानसिक विकास में रुकावट आदि का सामना करना पड़ता है विद्यालय स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह रोकथाम में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। यदि बाल विवाह संबंधित सूचना किसी को प्राप्त होती है तो वह तत्काल जिला प्रशासन पुलिस एवं महिला बाल विकास विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या 181 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

## निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश

डिंडौरी ।

कलेक्ट्रेट सभागार डिंडौरी में जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा बैठक माननीय कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अफजल अमानुल्लाह सहित विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री (सिविल एवं मैकेनिकल) तथा संबंधित संविदाकार उपस्थित रहे। अंतर्विभागीय निरीक्षण अधिकारी एवं अन्य संविदाकार वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में माह नवंबर में पूर्ण किए जाने वाले शेष 23 ग्रामों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कार्य में विलंब



पाए जाने पर कलेक्टर महोदया ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संविदाकारों से नवंबर एवं दिसंबर माह की योजनाओं हेतु कार्यपूर्णता की तिथि सुनिश्चित कराते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यों की प्रगति की पुनः समीक्षा 20, 25 एवं 30 दिसंबर 2025 को की जाएगी कलेक्टर ने नल-जल योजना के निर्माण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों का रोड रेस्टोरेशन कराए जाने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को सतत निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश प्रदान किए। जिले में जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रत्येक ग्राम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन द्वारा निरंतर समीक्षा और मॉनिटरिंग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### डिंडौरी की बेटियों ने किया जिले का नाम रोशन, राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिनिधित्व



डिंडौरी। जिला प्रशासन के सहयोग और बेहतर मार्गदर्शन का परिणाम है कि डिंडौरी जिले की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने खेल के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अंतर्गत सब-जूनियर बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में शहपुरा की कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं—आकांक्षा धुर्वे (पिता संतोष सिंह) और यशवंती परस्ते (पिता मिलन सिंह)—ने विद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए स्थान सुनिश्चित किया है।कलेक्टर के निर्देशन और सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में तैयार की गई इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इस उपलब्धि से पूरा जिला गौरव महसूस कर रहा है। जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के अनुसार चयनित छात्राएं 11 से 15 दिसंबर तक नर्मदापुरम में आयोजित प्री-नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी। इसके बाद 18 से 22 दिसंबर 2025 तक रांची (झारखंड) में होने वाली 69वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कोच जागेश्वर नंदा के निर्देशन में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी।राष्ट्रीय स्तर पर चयनित इन उभरती खिलाड़ियों को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र कुमार जाटव, जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम. के. राय, प्राचार्य यशवंत साहू सहित विद्यालय स्टाफ और खेल प्रेमियों ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराज़गी

डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड बजाग में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निरीक्षण कर कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े स्वास्थ्य भवनों के निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है। निरीक्षण के दौरान ग्राम गीधा सहित कई स्थलों पर उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण अत्यंत धीमी गति से होता पाया गया। अनुबंध में 18 माह की समयसीमा तय की गई थी, लेकिन 12 माह बीतने के बाद भी अधिकांश कार्य अधूरे हैं। इस गंभीर लापरवाही के चलते संबंधित फर्म को चेतावनी जारी की गई है।इसी प्रकार नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में भी प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बावजूद भवन हस्तांतरित न होने पर कलेक्टर ने असंतोष जताते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सभी निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कार्य में तत्काल तेजी लाएं, संसाधनों की संख्या बढ़ाएं और दिसंबर 2025 तक सभी भवनों का निर्माण पूर्ण कर हस्तांतरण सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि समयसीमा का पालन न करने पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के कार्य में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### निग़वानी परिसर के छांटा केंद्र में धान खरीदी की हुई शुरुआत



डिंडौरी। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य बुधवार से निग़वानी परिसर स्थित छांटा केंद्र में प्रारंभ हो गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा के लिए केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से सुनिश्चित की गई हैं। यहाँ पीने के पानी की व्यवस्था, तौल हेतु बारदाना, पंखे तथा किसानों के आराम के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।जिले के अन्य धान खरीदी केंद्रों पर भी चरणबद्ध तरीके से खरीदी का कार्य निरंतर जारी है।प्रशासन ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। साथ ही किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय पर ही अपनी उपज लेकर केंद्र पहुँचे, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## खबर संक्षेप

### मरीजों को बांटी आयुर्वेद दवाईयां



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले में सिकल सेल एनीमिया के ग्रसित मरीजों के लिए एड-ऑन थेरेपी के रूप में आयुर्वेद दवाईयों का वितरण घर- घर जाकर किया गया। उन्हें आहार- विहार एवं योग- प्रणायाम के लिए परामर्श दिया गया।

### शिविर में 161 दिव्यांगजनों व वृद्धजनों का हुआ चिन्हांकन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के तत्वाधान में एलिम्को द्वारा एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन सोमवारा बाजार राम वार्ड करेली में बुधवार को किया गया। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर श्रीमती अंजना त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में 161 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकित किया गया। शिविर में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को वाकिंग स्टिक, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग ऐड, कमर एवं घुटनों के बेल्ट आदि के लिए चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा, अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती अंजना त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### आरोहण को लेकर बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की खेलो इंडिया अवधारणा की दिशा में जिले के युवा शक्ति के खेल प्रोत्साहन हेतु एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 को लेकर आयोजन समिति एवं प्रतिभागी टीमों के कोच तथा मैनेजर के साथ टूर्नामेंट के फिक्सचर तथा नियमावली के लिए बैठक आयोजित की गई

### नहीं रहे चेतराम नामदेव

**तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम मदनपुर के प्रतिष्ठित नामदेव समाज के चेतराम नामदेव का निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। चेतराम जी झलकन नामदेव चोखेलाल पुरुषोत्तम कोमल एवं मुरलीधर नामदेव के पूज्य पिता थे।

## मछलियों में प्रशासन ने नहीं डाला नमक...

# पंचनामे बढ़ा रहे मत्स्य विभाग की कार्रवाई पर संदेह

### निजी भूमि पर दफनाई गई थाई मांगुर मछली
### पुलिस ने किया आंख बंद करके विश्वास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते शनिवार की रात्रि मे पुलिस द्वारा मछली परिवहन कर रहे दो वाहनों के रोका गया। वाहन चालकों द्वारा बताया गया कि वाहन में मछली है। जिसमें उनके द्वारा मागुर मछली होना बताया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्ती मे लिया और मत्स विभाग को सूचित किया और सूचना पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना जांच पड़ताल किए कार्रवाई प्रारंभ कर दी और मछलियों को विनिष्ट किये जाने को लेकर पंचनामा आदि आवश्यक कार्रवाई की गई। लेकिन प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति संदेह भी उत्पन्न होने लगा है। वही सूत्रों की माने तो विभाग द्वारा कार्रवाई में लापरवाही बरती गई है। उक्त कार्रवाई को लेकर कई सवाल उत्पन्न हो रहे है।



### प्रशासन ने नही डाला नमक

मत्स विभाग द्वारा पुलिस के सहयोग से पकड़ी गई मछलियों के विनिष्टीकरण की कार्रवाई तो शीघ्रता के साथ की गई। परन्तु कार्रवाई में उपयुक्त सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। प्रशासन द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट मे बताया गया कि मछलियों को गहरा गड्ढा खोद कर विनिष्ट किया गया। लेकिन प्रशासन द्वारा खतरनाक प्रजाति की मछली को विनष्ट करते समय मछलियों के साथ नमक नही डाला गया। प्रशासन द्वारा जारी कि गए प्रेस नोट में मछलियों के साथ नमक डालने का कोई उल्लेख नही है। जबकि उक्त कार्रवाई खतरनाक प्रजाति की मछली को दफन करने से पूर्व में विभाग द्वारा व्यवस्था कर लेनी चाहिए थी। परन्तु प्रशासन द्वार ऐसा ना किया जाना संदेहो को बढ़वा दे रहा है क्योंकि उक्त मछलियों को निजी भूमि पर दफनाया गया और नमक भी नही डाला गया यह मछली मृत होने के बाद निकालकर विक्रय के उपयोग मे लाई जा सकती है। प्रशासन के पास दफनाने के लिए शासकीय भूमि नही थी क्या वही सूत्रों की माने तो उक्त कार्रवाई के लिए नगर के एक बड़े मछली विक्रेता भूमि थी उसके द्वारा ही वाहन आदि व्यवस्था की गई फिर गड्ढे को समतल करने के पूर्व वाहन का डीजल खत्म होना संदेहप्रद है।


हरिभूमि
प्रतिबंधित मछली का कब से चल रहा था व्याप

### पुलिस ने आंख बंद करके किया विश्वास

पुलिस द्वारा वाहनों को पकड़ने के बाद बिना देखे चालकों से पूछकर यह मान लिया कि वाहनों मे थाई मागुर मछली है जबकि नियमानुसार पुलिस को अधिकार था कि वाहनों की पूरी तरह से जांच पड़ताल करे और देखता कि वाहन मे मछली ही या नही लेकिन ऐसा ना करते हुए वाहन चालकों की बात पर आंख बंद करके विश्वास कर लिया जो भविष्य खतरनाक सिद्ध हो सकता है। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंची मत्स विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी बिना देखे ही रात के साढे दस बजे ही पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। विभाग द्वारा आनन फानन में पंचनामा तैयार कर रात में ही मछलियों को शासकीय खाली जगह पर दफना दिया गया। वही सूत्रों की माने तो कुल मछलियां 6 टन थी लेकिन विभाग द्वारा 3 की ही जानकारी दी जा रही है। वही स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि कपूरी तिराहे के पास प्रशासन द्वारा मछलियों को दफन नही किया गया। आखिर मामले का सच क्या है यह तो मत्स विभाग ही बता सकता है।

### दो पंचनामा या दो कार्रवाई

पुलिस व मत्स्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई मे संदेह तब और गहराया जब दो स्थानों पर मछलियों की दफन की कार्रवाई सामने आई। मत्स विभाग द्वारा 6 दिसंबर की रात साढ़े दस बजे बनाए गए पंचनामा के अनुसार मछलियों को कपूरी तिराहे के पास शासकीय भूमि पर दफन किया गया। वही रविवार को पुलिस के सहयोग से दोपहर तकरीबन दो बजे गड्ढे खोदकर दफन की गई मछलियों का क्या रहस्य है। वही प्रशासन द्वारा उक्त मछलियों का ना तो कोई सैंपल लिया गया है और ना ही दफनाते समय नमक डाला गया है। जबकि नियमानुसार मछली को दफनाते समय नमक डाला जाना आवश्यक था जिससे प्राकृतिक प्रदूषण ना हो और मछलियां शीघ्रता से विनिष्ट हो सकें। पुलिस के अधिकारियों को भी नही पता था कि मछली कितनी हानिकारक और उसे दफनाते समय और क्या आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता होती है। फिलहाल मामले में सच क्या है यह किसी की समझ मे नही आ रहा है कि दोनों पंचनामा सही कौन सा है या फिर दो कार्रवाई हुई और एक कार्रवाई को गोलमाल किया गया।

## राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वाधान पर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय खेलप्रेमियों के साथ अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की गई उद्घाटन समारोह में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष अनीता राजेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी, राधेश्याम नेमा, डॉ. अनंत दुबे, सुनील कोठारी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। मुख्य अतिथियों ने ट्रॉफी का अनावरण कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को सर्वोपरि बताते हुए युवाओं को खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी की प्रेरणा दी उद्घाटन मैच जबलपुर और खरगोन के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच खेला गया। मैच से पूर्व अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैदान में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता में प्रदेश के कई जिलों की दर्जनों टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें वरिष्ठ और जूनियर वर्ग के श्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में हॉकी को बढ़ावा देना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मंच देना तथा उभरती प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना है। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में लीग और नॉकआउट दौर के रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

## दिव्यांग बच्चों को बांटे ट्रैक सूट



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सामाजिक कार्यों में अग्रसर इनर व्हील क्लब द्वारा दिव्यांग बच्चों से मिले, उनके अंदर छिपी प्रतिभा को देखा और उनको प्रोत्साहित किया और समय-समय पर आकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। क्लब द्वारा बच्चों को ट्रैकसूट प्रदान किया, बच्चों की खुशी को देखकर मन प्रसन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष भारती ठाकुर, मंजूषा सेन, डॉ नेहा आकांक्षा साहू, विंध्या तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## गंदगी से परेशान हो रहे वार्डवासी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** किसानी वार्ड में व्याप्त गंदगी के कारण लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है इस वार्ड में कई क्षेत्र में महीना सफाई नहीं होती झाड़ू नहीं लगता। जिससे नालियां भरी रहती है बज बजाती रहती है। इस संबंध में पूर्व पार्षद संत सिंह जाट ने बताया कि अफसोस का विषय है कि पार्षद, अध्यक्ष और अधिकारियों को बताने के बाद भी सफाई नहीं होती जिसके कारण हर 8-10 दिन में स्वयं ही सफाई करना पड़ती है। बुधवार को श्री जाट ने स्वयं अपने घर के आसपास और कई जगह सफाई की। साथ ही नाली में जमी गंदगी को निकाला।



## अलाव जलाने उठ रही मांग, लुढ़क रहा पारा, बढ़ रही सर्दी

**गोटेगांव।** बीते कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी से लुढ़क रहा पारा और नगर में लगातार बढ़ रही ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सुबह और रात के समय तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और गरीब तबके के लोग अधिक परेशान हैं। ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह आग जलाकर खुद को गर्म रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने गोटेगांव नगर पालिका से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार,फुआरा चौक और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था न होने से राहगीरों और जरूरतमंदों को ठंड से बचने में कठिनाई हो रही है। नगरवासियों का इस संबंध में कहना है कि अलाव जलाने की व्यवस्था जल्द की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके साथ ही बाहर से आने जाने वाले सुबह-सुबह रेल यात्रियों और नगर वासियों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े साथ ही लोगों के हित में यह नगर पालिका का कदम न्याय उचित होगा !

## देवरीकला पंचायत का कारनामा, नल जल योजना कार्य अधूरा

### हैंड पंप हुए अनुपयोगी साबित, अधूरे कार्य को ग्राम पंचायत ने पूर्ण बताकर एनओसी प्रदान कर दी

गोटेगांव के ग्राम पंचायत देवरीकला के परिसर में जहां शासकीय प्राथमिक शाला लगती है। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र में नौनिहाल बच्चे पहुंचते हैं। ऐसे स्थल पर जो शासकीय हैडपंप लगाया गया था। लेकिन उसकी हालत बदहाल हो चुकी है। उसका चेंबर नीचे दब चुका है। जिसके कारण हैंडपंप का बंद हो जाने से उसका उपयोग नहीं हो रहा है। वहीं गांव में जो नल जल योजना शुरू की गई है। वह सीधे नल के जरिए हो रही है। गांव के लोगों ने बताया कि जहां पर नलजल योजना के तहत आगनबाड़ी भवन देवरीकला में लगा हैंडपंप अनुपयोगी हो गया है पाइप लाइन बिछा कर घर-घर लाइन जोड़ कर घर के सामने लाकर कनेक्शन करने के लिए सिर्फ पाइप छोड़ दिए गए हैं।इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी का उपयोग नहीं करना है या जितने पानी का उपयोग हो गया है। उसके बाद भी नलकूप सप्लाई से घर-घर पानी पहुंचता है तो रहवासी उनको बंद नहीं कर पाते है और वह पानी व्यर्थ की बहता रहता है। गांव के लोगों ने मांग की है कि घर-घर कनेक्शन करने का कार्य सिर्फ किया गया है, वहां पर किसी प्रकार के नल नहीं लगाए गए है, ताकि सप्लाई होने वाले पानी का उपयोग करने के बाद उस नल को बंद किया जा सके। ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन गांव में बिछा कर घर-घर कनेक्शन के पाइप डाल दिए गए है,उनके अधूरे कार्य को ग्राम पंचायत ने कैसे पूर्ण बता कर एनओसी प्रदान कर दी गई है। इसकी जांच संबंधित अधिकारी करें।



## मानवाधिकार दिवस शा.उ.मा. विद्यालय इमलिया में संपन्न



विश्व मानव अधिकार दिवस शास. विद्यालय इमलिया गोटेगांव बुधवार में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जिला वरिष्ठ उपाध्याय श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव के सानिध्य में जिला पंचायत सदस्य अरविंद लोधी,पार्षद श्रीमती रजनी राजेंद्र राय प्राचार्या अनीता पाठक वरिष्ठ शिक्षक उपेंद्र विश्वकर्मा प्रदीप साहू संजय पटेल शैल नामदेव प्रीति विश्वकर्मा माया पटेल अनुराधा मेहरा निशा श्रीवास्तव कल्पना जैन समस्त स्टाफ के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गयारंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अंकिता लोधी,नंदिनी ,बेबी चडार, द्वितीय प्रिया कोरी,प्रतीक्षा लोधी।चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम प्रिया साहू 11वीं कक्षा, द्वितीय गौरी कहार ,तृतीय रोजी खान ।नाटक में कविता, शिखा, लक्ष्मी, विशाखा, अंजली यादव ,वैशाली ने भाग लिया गीत में नंदिनी मेहरा 11वीं, प्रिंस चडार दसवीं। डांस मैं परी,काजल, हर्षिता ,काव्य,खुशबू,वंशिका एवं अनिकेत में भाग लिया। अरविंद लोधी जी ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखना एवं समय का सदुपयोग करने की सलाह दी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा

## प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू

**तेंदूखेड़ा।** प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में सोमवार से विद्यार्थियों का अर्धवार्षिक मूल्यांकन शुरू हो गया है। प्राथमिक में कक्षा 3 से लेकर पांच तक व माध्यमिक स्कूल में कक्षा 6 से लेकर 8 तक के बच्चे प्रश्न पत्र हल कर रहे हैं। वुधवार को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चों ने अंग्रेजी का प्रश्नपत्र हल किया। गुरुवार को प्राथमिक के बच्चे पर्यावरण की परीक्षा देंगे जबकि मिडिल के बच्चे भी विज्ञान का पेपर देंगे।चांवरपाठा विकासखंड की सभी शालाओं में शुरू हुई अर्धवार्षिक परीक्षा का वीआरसी द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य संकुल प्रतिनिधियों द्वारा भी शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए परीक्षा का जायजा लिया जा रहा है।वीआरसी सुनील श्रीवास्तव बताया कि परीक्षा के बाद स्कूल में ही उत्तरपुस्तिकाओं की जांच होगी। वहीं कक्षा 1 व दो के बच्चों का एफएलएन वेस्ड द्वितीय आवधिक आंकलन होगा। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा साफ्ट कॉपी में भेजे गए प्रश्न पत्र प्रिंट कराते हुए जनशिक्षको के माध्यम से स्कूलों में पहुंचाए गए हैं। जिनके आधार पर छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन कराया जा रहा है।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत स्कूलों का भ्रमण

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 5 दिसंबर से 5 जनवरी तक चलाये जा रहे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूलों में विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें उच्च शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम और गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। बुधवार को संत मौनी महिला महाविद्यालय का स्टाफ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं नगर के अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों से संपर्क करने पहुंचे । महाविद्यालय स्टाफ ने वर्ष 2026 27 पाठ्यक्रमों और शासन द्वारा प्रदाय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने महिला महाविद्यालय में कला संकाय वाणिज्य संख्याएं विज्ञान संकाय की सभी स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रमों नई शिक्षा नीति के अनुसार संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी की गतिविधियां भी संचालित हैं इसके साथ-साथ महाविद्यालय में सभी विषयों की प्रयोगशालाएं लाइब्रेरी और खेलकूद की गतिविधियों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया जाता है। प्रवेश के समय ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और लगने वाले दस्तावेजों की भी जानकारी प्रेषित की गई मौके पर ही छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया गया एवं उन्हें महाविद्यालय में आकर महाविद्यालय की गतिविधियां व्याख्यान कक्ष प्रयोगशालाओं लाइब्रैरी आदि की जानकारी के लिए आमंत्रित किया गया।

## श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आगाज आज से

**तेंदूखेड़ा ।** नगर में भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी के नवीन मंदिर निर्माण एवं प्रतिष्ठा आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आज से विधिवत ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ होगा।11 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।जिसे लेकर जैन समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। तथा मेला क्षेत्र भी बनाया गया है जिसमें विभिन्न प्रकार की दुकानें भी मेले में लगाई जायेगी। बच्चों के मनोरंजन से लेकर विभिन्न प्रकार की व्यवस्थायें यहां पर की गई है। तथा आज से गर्भ कल्याणक पूर्व रुप श्री याग मंडल विधान आरती प्रवचन के साथ रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन गर्भ कल्याणक उत्तरार्द्ध काल तीसरे दिन जन्मकल्याणक महोत्सव चौथे दिन तप कल्याणक पांचवें दिन ज्ञान कल्याणक एवं छठवें दिन मोक्ष कल्याण के साथ समापन होगा।



### प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों को आने की संभावनाएं

विगत दिनों आयोजन समीति के द्वारा भोपाल पहुंच कर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा मोहन यादव प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल परिवहन एवं शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह स्वास्थ्य राज्यमंत्री शिवाजी पटेल क्षेत्रीय सांसद और विधायक को उनके निवास पर पहुंच कर आमंत्रण पत्र देकर पधारने का निवेदन किया है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही व्यवस्थाओं को लेकर मंत्रियों को आने की उम्मीद जताई जा रही है। और पिछले 15 दिनों से तैयारियों को लेकर आयोजन समीति द्वारा व्यापक स्तर पर दिन रात तैयारियां चल रहीं हैं। कार्य विभाजन कर नगर के हर वर्ग को दायित्व सौंपें गये हैं।कार्यक्रम स्थल से लेकर जैन मंदिर परिसर तथा रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों में विद्युत साज सज्जा की गई है। और स्वागत द्वार भी बनाए गये हैं।

### इन्हें मिला है सौभाग्य

इस महायज्ञ को संपन्न कराने में दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पात्रों ने बोली लगाकर सौभाग्य प्राप्त किया है। जिसमें सौधर्म इंद्र अंकित मोदी आरती मोदी कुबेर इंद्र अमिताभ मोदी अमिता मोदी महायज्ञ नायक अमित कोठारी दीपा कोठारी यज्ञ नायक आशीष सेठ माधुरी सेठ ईशान इंद्र शुभम जैन पाटन वाले सनित इंद्र अर्पित कुसमी वाले महेंद्र साकेत तेंदूडाबर बाहुबली प्रियंक जैन श्रीयांस राजा डा अखिलेश जैन राजा सोम अनुराग मोदी भरत चक्रवर्ती आयुश तेंदूडाबर का चयन हुआ है।

### इनकी होगी प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना

नगर के पुराने बस स्टैंड से मंडी रोड पर जाने वाले सड़क मार्ग पर मुनि सुब्रतनाथ जी का नवीन मंदिर निर्माण हुआ है। जिसका निर्माण विगत तीन वर्षों से अनवरत जारी है।इस भव्य मंदिर में 1008 मुनि सुब्रतनाथ जी एवं 1008 पारस नाथ जी आदिनाथ जी शांति नाथ जी भगवान महावीर जी मल्लीनाथ जी वासु पूज्य जी की प्रतिमा लाई गई है जिनकी प्रतिष्ठा होगी।आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के द्वारा ही इस मंदिर की आधारशिला रखी गई थी जिनके सानिध्य में ही यह महामहोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

### चर्या शिरोमणि का आज ससंघ आगमन

आज तेंदूखेड़ा की धरा पर सागर जिले के सहजपुर से चलकर सुबह सुबह लगभग आठ बजे पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि 108श्री विशुद्ध सागर जी महाराज 24 मुनि संघ के साथ तेंदूखेड़ा पहुंचेंगे।जिनकी भव्य आगवानी तेंदूखेड़ा की सकल समाज द्वारा बड़े ग्राउंड परिसर में की जायेगी।